APRIL 25

रांची, गुरुवार

मूल्य : ₹ 3

रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425

dailykhabar99.com

# डेली खबर 99

सच्चाई का उजागर

WORLD MALARIA DAY 25 APRIL

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99

## मल्लिकार्जुन खरगे ने लिखी पीएम मोदी को चिट्ठी, न्याय पत्र पर बात करने के लिए मांगा समय




**डेली खबर 99- सवांददाता, नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गरीबों को सशक्त करने की कोशिश की है, जबकि भाजपा ने केवल गरीबों को लूटा है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में लिखा भाजपा सरकार वह है, जिसने नोटबंदी को संगठित लूट और वैध लूट के रूप में इस्तेमाल किया।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने इस चिट्ठी के जरिए व्यक्तिगत तौर पर अपनी पार्टी के न्याय पत्र को समझाने के लिए समय मांगा है। दो पन्ने की चिट्ठी में खरगे ने लिखा कि इन दिनों प्रधानमंत्री के भाषण से वह न तो चौंके और न ही उन्हें आश्चर्य हुआ। अपनी चिट्ठी में खरगे ने कहा, "पिछले कुछ दिनों में आपके भाषणों से न तो मैं चौंका और न ही मुझे आश्चर्य हुआ। चुनाल के पहले चरण में भाजपा की स्थिति को देखते हुए आप और आपकी पार्टी के नेता ऐसा कहेंगे, इसका अंदाजा था। कांग्रेस हमेशा से ही वंचित गरीबों और उनके अधिकारों की बात करती रही है। हम जानते हैं कि आपको और आपकी सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं है।"खरगे ने आगे कहा, "कांग्रेस वंचित गरीबों को उनका अधिकार दिलाने की कोशिश कर रही है। आपकी सूट बूट की सरकार केवल कॉरपोरेट के लिए काम करती है, जिनका आपने टैक्स कम किया है। जबकि वेतनभोगी व्यक्ति को अधिक कर चुकाना पड़ता है।

### हिंसा फैलानेवालों का समर्थन कर रही है कांग्रेस

उन्होंने कहा-जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब अंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन वोटबैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की परवाह नहीं की और न ही बाबा साहेब अंबेडकर के शब्दों की परवाह की। पीएम मोदी ने कहा- आज भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है। लेकिन कांग्रेस, हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है, उन्हें शहीद बता रही है। इसी कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता, आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। ऐसी ही करतूतों के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो रही है।

### सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स की वकालत की थी

दरअसल, पीएम मोदी ने कांग्रेस के रणनीतिकार और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए यह बात कही। सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स का जिक्र करते हुए कहा था कि अमेरिका में 55 फीसदी विरासत टैक्स लगाता है। सरकार 55 फीसदी हिस्सा ले लेती है।

## कौन हैं मनीष कश्यप: भारतीय सेना से नाता पर लगा NSA, जिस विधायक से मारपीट के आरोप में जेल गए अब उसी की पार्टी में शामिल




**डेली खबर 99- स्पेशल डेस्क**

यूट्यूबर मनीष कश्यप भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुके हैं। सूत्रों के अनुसार उन्हें जल्द ही पार्टी में नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। चर्चा थी कि मनीष कश्यप पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन अब उन्होंने ऐसा नहीं करने का फैसला किया है। वह पहले भी निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। जेल में नौ महीने तक रहने वाले मनीष के यूट्यूब पर 90 लाख के करीब सब्सक्राइबर हैं। यहां हम बता रहे हैं कि आखिर मनीष कश्यप हैं कौन। मनीष कश्यप का असली नाम त्रिपुरारी तिवारी है। उनकी पहचान एक यूट्यूबर और समाजसेवी की है। वह अक्सर बिहार से जुड़े विषयों पर वीडियो बनाते हैं और उनके वीडियो हिंदी भाषी क्षेत्रों में काफी पसंद किए जाते हैं।

### पश्चिम चंपारण से है नाता

मनीष कश्यप का जन्म 9 मार्च 1991 को पश्चिम चंपारण जिले में हुआ। पुणे से इंजनीरिंग करने के बाद उन्होंने कुछ समय तक नौकरी की। इसके बाद बिहार के स्थानीय मुद्दों को सोशल मीडिया पर शेयर करने लगे और धीर-धीरे उनका यूट्यूब चैनल बड़ा होता गया। सच तक नाम का उनका चैनल सबसे ज्यादा तब चर्चा में आया, जब उन्होंने मारपीट का एक वीडियो शेयर किया। कश्यप ने लिखा कि तमिलनाडु में बिहार के मजदूरों के साथ मारपीट की जा रही है।

## आपके 4 कमरों में से 2 कमरे कांग्रेस और सपा वाले दबोच लेंगे', जानें PM मोदी ने ऐसा क्यों कहा




बरेली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बरेली के आंवला में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं यूपी के ओबीसी समाज को गारंटी दे रहा हूं कि मैं आपके आरक्षण का अधिकार सपा और कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा, 'इंडी गठबंधन किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है। OBC, SC के आरक्षण का एक हिस्सा कांग्रेस के एक खास वोट बैंक को दिया जाएगा। यह जानकारी सपा को है, लेकिन, उन्होंने चुप्पी साध रखी है।'

### '4 कमरों में से 2 कमरे कांग्रेस और सपा वाले दबोच लेंगे'

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'कांग्रेस का इरादा है कि OBC का आरक्षण छीनकर उनके खास पसंद वालों को दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के इन इरादों पर सपा के शहजादे ने भी चुप्पी साध रखी है, यानी उनका कांग्रेस के इस इरादे पर पूरा-पूरा समर्थन है। मातृशक्ति अपने बच्चों के लिए सोना-चांदी, घर बना रही है। इस पर कांग्रेस-सपा की नजर पड़ गई है। यह मंगलसूत्र छीनने की बात करते हैं। कोई मां-बहन मंगलसूत्र छीनने देगी क्या? इनकी नीयत ठीक नहीं है। कांग्रेस ने कहा है कि आपकी मृत्यु के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। ऐसा टैक्स लगाएंगे कि आपकी संपत्ति जब्त हो जाएगी। अगर 4 कमरे हैं तो 2 कमरे कांग्रेस और सपा वाले दबोच लेंगे। 10 बीघा जमीन में 5 बीघा दबोच लेंगे।' पीएम मोदी ने यह बात सैम पित्रोदा के 'विरासत टैक्स' वाले बयान को निशाना बनाते हुए कही।

## 'जेल के जवाब में...', लोकसभा चुनाव के लिए AAP ने लॉन्च किया कैंपेन सॉन्ग, सुनें पूरा गाना



नई दिल्ली: आम आदमी पार्टी (AAP) ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना कैंपेन सॉन्ग लॉन्च कर दिया है। पार्टी ने लोकसभा कैंपेन सॉन्ग को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और उनके जेल जाने से जोड़ा है। कैंपेन सॉन्ग के शुरुआती बोल 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' हैं। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक कुर्सी खाली रखी गई थी। कैंपेन सॉन्ग की लॉन्चिंग के मौके पर आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद थे।

## 'डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी कांग्रेस और सपा', पित्रौदा पर भी राजनाथ सिंह का हमला



लोकसभा चुनाव 2024 के तहत दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को आयोजित होगा। इस बीच विभिन्न सीटों पर राजनीतिक दलों के दिग्गज नेताओं द्वारा लगातार रैलियां की जा रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने इस रैली नें कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि जिस तरह से कांग्रेस और सपा चल रही है, वह जल्द ही राजनीति से डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी।

### भाजपा ही अपने वादों पर काम करती है- राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा में कहा कि वे दिन अब करीब हैं जब समाजवादी पार्टी और कांग्रेस अतीत की बात हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अपने वादे पर काम करती है। राजनाथ सिंह ने इस दौरान भारत के रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और विकास के मामले में विकास की भी बातें की। उन्होंने कहा कि रामलला अब कुटिया से अपने शाही महल में चले गए हैं, जो दर्शाता है कि भारत में रामराज्य का आरम्भ हो चुका है।

### सैम पित्रौदा पर भी हमला

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रौदा की ओर से दिए विरासत टैक्स की सलाह पर निशाना साधा है। उन्होंने लोगों को आगाह किया और कहा कि कोई भी भारतीय परिवार अपने मुखिया की मृत्यु के बाद अपनी संपत्ति का 55प्रतिशत हिस्सा नहीं छोड़ सकता। बता दें कि सैम पित्रौदा ने कहा था कि सैम अमेरिका में कोई भी शख्स 45 प्रतिशत अपने बच्चों को हस्तांतरित कर सकता है। 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार ले लेती है। उन्होंने भारत में भी ऐसे कानून की सलाह दी थी।

# CRPF: बहुमंजिला भवनों को उड़ाने वाली तकनीक हासिल कर रहे नक्सली, सीआरपीएफ ने बरामद किए 3000 शॉक ट्यूब डेटोनेटर



**सवांददाता, रांची**

सीआरपीएफ ने चाईबासा के कोलहान जंगलों से 'शॉक ट्यूब डेटोनेटर' बरामद किए हैं। अगस्त, 2022 में नोएडा स्थित सुपरटेक ट्विन टॉवर को गिराने के लिए 'शॉक ट्यूब डेटोनेटर' तकनीक इस्तेमाल में लाई गई थी। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' की झारखंड के तैनात 172वीं बटालियन ने नक्सलियों के कब्जे से शॉक ट्यूब डेटोनेटर का जखीरा बरामद किया है। इस तरह के डेटोनेटर की संख्या तीन हजार से ज्यादा बताई जा रही है। शॉक ट्यूब डेटोनेटर, इस तकनीक का इस्तेमाल बहुमंजिला बिल्डिंगों को उड़ाने के लिए किया जाता है। अब यही तकनीक नक्सली हासिल कर रहे हैं। इसके माध्यम से किया गया ब्लास्ट इतना शक्तिशाली होता है कि वह बड़ी मात्रा में कंक्रीट की मोटी परत को भी तोड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, नक्सलियों के कब्जे से जो शॉक ट्यूब डेटोनेटर बरामद हुए हैं, उन पर तालेगांव जिला 'वर्धा' महाराष्ट्र का पता लिखा है।ट्विन टॉवरों को गिराने में हुई थी ये तकनीक इस्तेमाल,सीआरपीएफ ने चाईबासा के कोलहान जंगलों से 'शॉक ट्यूब डेटोनेटर' बरामद किए हैं। अगस्त, 2022 में नोएडा स्थित सुपरटेक ट्विन टॉवर को गिराने के लिए 'शॉक ट्यूब डेटोनेटर' तकनीक इस्तेमाल में लाई गई थी। इस तकनीक के माध्यम से 40 मंजिल वाले ट्विन टावरों को धराशायी करने में सिर्फ 9 सेकंड का समय लगा था। शॉक ट्यूब एक प्लास्टिक ट्यूब होती है। इसके अंदर अंदर प्रतिक्रियाशील पाउडर की एक पतली परत लगी होती है। यह प्रतिक्रियाशील पाउडर आमतौर पर एचएमएक्स (एक उच्च विस्फोटक) और एल्यूमीनियम का मिश्रण होता है।

## चमरा लिंडा के एक्शन से JMM में खलबली, पार्टी ने दे दी चेतावनी-नामांकन वापस लो नहीं तो...




झारखंड में सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के लिए उसकी अपनी ही पार्टी के विधायक मुसीबत बनते दिख रहे हैं। झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन की बड़ी बहू विधायक सीता सोरेन ने इसकी शुरूआत की।लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही उन्होंने पार्टी को झटका दिया। उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय किया। भाजपा ने उन्हें दुमका से घोषित प्रत्याशी को हटाकर चुनाव मैदान में उतारने की घोषणा की। फिलहाल वह झामुमो के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं।

### अब इन दो विधायकों ने बढ़ाई पार्टी की परेशानी

अब पार्टी के दो अन्य विधायकों चमरा लिंडा और लोबिन हेम्ब्रम की चाल टेढ़ी हो गई है। चमरा लिंडा बिशुनपुर से पार्टी के विधायक तो हैं लेकिन वे पार्टी लाइन से अलग चलने में माहिर हैं।

## नौकरी गंवाने की आशंका से जूझ रहे 19000 लोग पात्र, 5300 नियुक्तियां संदिग्ध; हाईकोर्ट में बोला आयोग



पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (West Bengal SSC) ने कलकत्ता हाईकोर्ट में बताया है कि 19 हजार नियुक्त शिक्षक पात्रता के पैमाने पर खरे उतरते हैं, जबकि 5300 नियुक्तियां संदिग्ध हैं। आयोग ने यह जानकारी उस मामले में दी जिसमें हाईकोर्ट के आदेश के बाद लगभग 24 हजार शिक्षकों की नौकरी पर तलवार लटक रही है। पश्चिम बंगाल के हजारों स्कूल शिक्षकों के भविष्य पर तलवार लटक रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के बाद 25,700 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद्द हो सकती है। हालांकि, ताजा घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग (West Bengal SSC) ने हाईकोर्ट में कहा है कि केवल 5300 शिक्षकों की नियुक्तियां संदिग्ध हैं। आयोग ने कहा है कि 19,000 शिक्षकों की नियुक्तियां वैध होने की संभावना है। आयोग ने हाईकोर्ट को बताया कि 22 अप्रैल को पारित आदेश के बाद लगभग 19,000 शिक्षकों की भर्ती रद्द हो सकती है, लेकिन आयोग की तरफ से तय किए गए नियम और शर्तों के मुताबिक इन शिक्षकों की नियुक्तियां वैध हो सकती हैं।

### 25 हजार से अधिक शिक्षकों के भविष्य पर लटक रही तलवार

बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक 2016 में हुई शिक्षकों की भर्तियों को रद्द किया जाना है। अदालत का आदेश बरकरार रहने की सूरत में 25,753 शिक्षकों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। हाईकोर्ट ने अपने सख्त आदेश में कहा है कि अवैध नियुक्ति से लाभ पाने वाले शिक्षकों को अपने वेतन भी लौटाने होंगे। फिलहाल, पश्चिम बंगाल सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

# अंडा-चिकन खाने वाले सावधान, राजधानी रांची में बर्ड फ्लू ने दी दस्तक



**सवांददाता, रांची**

**रांची.** अगर आप चिकन और अंडा खाने के शौकीन हैं तो जरा सावधान हो जाइये. रांची में एक बार फिर बर्ड फ्लू ने दस्तक दे दी है. रांची के होटवार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र में पिछले दिनों कुक्कुटों की मौत की सूचना के बाद आईसीएआर- राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल भेजे गए सैंपल में एच 5 एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई है. भोपाल स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज डायग्नोस्टिक लैब से बर्ड फ्लू की पुष्टि होते ही विभाग के अधिकारी हरकत में आ गए हैं.

## जिला प्रशासन का एक्शन प्लान

बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद रांची जिला प्रशासन द्वारा एक्शन प्लान के तहत रैपिड रेस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है. उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है. प्रत्येक टीम में पशु चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है. प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एव कर्मियों को जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, कुक्कुट, क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवारी रांची से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है. एक्शन प्लान के तहत रैपिड रेस्पॉन्स टीम द्वारा क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं इसके बाद संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाना है.एक्शन प्लान के आलोक में एपिसेंटर से 1 किलोमीटर की परिधि में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा ताकि प्रशासनिक स्तर पर कुक्कुटों की कलिंग हेतु शीघ्र निर्णय लिया जा सके, साथ ही टीम द्वारा एपिसेंटर से 10 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलांस जोन के रूप में चिन्हित करते हुए इस क्षेत्र में एवियन इंफ्लुएंजा की सघन निगरानी का कार्य भी किया जाएगा. उपायुक्त ने राहुल कुमार सिन्हा द्वारा एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा/मृत कुक्कुटों/कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। साथ ही इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक रहेगा.

## जमशेदपुर लोकसभा से झामुमो का टिकट मिलने पर बोले समीर मोहंती,'सपने में भी नहीं सोचा था....



लोकसभा चुनाव की घोषणा के 41 दिनों के बाद गुरुवार को झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती को पार्टी का टिकट देते हुए इंडी एलायंस का अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है. बहरागोड़ा के विधायक समीर महंती ने प्रभात खबर से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि लोकसभा चुनाव के लिए उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनायेगी. उनमें इतनी हिम्मत भी नहीं थी कि वे पार्टी से लोकसभा का टिकट मांगें. इधर, एक सवाल के जवाब में समीर मोहंती ने कहा कि उन्होंने राजनीति का काफी कुछ विद्युतवरण महतो से सीखा है. चुनाव जंग का मैदान है. वे पूरी ताकत से लड़ेंगे.

## झामुमो से शुरू किया सियासी सफर

समीर मोहंती ने 2019 का विधानसभा चुनाव बहरागोड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी (झामुमो के तत्कालीन विधायक) कुणाल षाडंगी को पराजित कर 60565 मतों से जीता था. समीर मोहंती की प्राथमिक स्कूली शिक्षा चाकुलिया में अपने पैतृक गांव बेंड से हुई. मनोहरलाल सरकारी हाई स्कूल से मैट्रिक और बाद में कॉमर्स में ग्रेजुएशन घाटशिला कॉलेज से किया. समीर मोहंती ने अपना राजनीतिक सफर झामुमो से ही शुरू किया. झामुमो के चाकुलिया प्रखंड के अध्यक्ष के रूप में समीर मोहंती की छवि आंदोलनकारी नेता के रूप में बनी. कई आंदोलन किये, सरकारी कार्यालय के पदाधिकारियों के साथ कई बार इनकी झड़प भी हुई. इसके बाद बाद वे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के नेतृत्व में 2005 में आजसू पार्टी में शामिल हो गये. आजसू से जब इनका मोहभंग हुआ तो झाविमो के टिकट पर 2014 में बहरागोड़ा से चुनाव लड़ा.

## कल्पना सोरेन लड़ेंगी गांडेय विधानसभा उपचुनाव, हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद से राजनीति में हैं सक्रिय



**सवांददाता, रांची**

कल्पना सोरेन झामुमो के टिकट पर गांडेय विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगी. हेमंत सोरेन की पत्नी 29 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगी, ऐसा गिरिडीह के जिला अध्यक्ष ने कहा है.झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन अब विधानसभा का उपचुनाव लड़ने जा रहीं हैं. जी हां, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया है कि गांडेय से कल्पना मुर्मू सोरेन ही चुनाव लड़ेंगीं.

## कल्पना सोरेन को झामुमो ने अधिकृत रूप से घोषित किया प्रत्याशी

कल्पना सोरेन लगातार गांडेय का दौरा कर रहीं थीं. इससे यह स्पष्ट था कि हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी ही यहां से विधानसभा का उपचुनाव लड़ेंगीं, लेकिन उनके नाम की घोषणा अब तक नहीं हुई थी. लेकिन, अब पार्टी ने आधिकारिक रूप से उनको अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है. बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गांडेय से दिलीप वर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है. मुख्य विपक्षी पार्टी ने 29 मार्च को ही उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी थी.

## 29 अप्रैल को उपचुनाव के लिए नामांकन करेंगी कल्पना मुर्मू सोरेन

कल्पना सोरेन की उम्मीदवारी की घोषणा से पहले ही गिरिडीह के झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने उनके नामांकन की तैयारी भी शुरू कर दी थी. उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि 29 अप्रैल को कल्पना मुर्मू सोरेन गांडेय विधानसभा से परचा दाखिल करेंगी. उस दिन पपरवाटांड़ फुटबॉल मैदान में चुनावी सभा होगी, जिसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत झामुमो, कांग्रेस और राजद के बड़े नेता शामिल होंगे.

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की बैठक, चुनाव संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की गई समीक्षा




**हजारीबाग:**आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र में राजकीय औसत से कम मतदान हुए थे वैसे मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए। कम मतदान का कारण पता कर उनकी समस्या को दूर कर उस क्षेत्र में विशेष अभियान या स्वीप गतिविधि चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाए ताकि हमारा प्रमंडल राष्ट्रीय औसत मतदान की सीमा को पार कर सकें। उक्त बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले जिलों में चुनाव से संबंधित विधि व्यवस्था को लेकर प्रमंडलीय कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने उपस्थित जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर क्या-क्या तैयारी हो गई है इसकी जानकारी ली। उपस्थित उपायुक्तों ने अपने जिले की तैयारियों की स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें आयुक्त महोदया के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान दल पीठासीन पदाधिकारी एवं पोलिंग अधिकारी की प्रतिनियुक्ति एवं उनके प्रशिक्षण की स्थिति, जिले में वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता की स्थिति, मतदान केन्द्रों पर आवश्यकता की सामग्री (जैसे पानी शौचालय आदि) की स्थिति, CAPF क्लस्टर में AMF की स्थिति, सभी अंतरराज्य एवं अंतर जिला चेक पोस्ट की स्थिति, दो अथवा अधिक जिला से आच्छादित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी के प्रस्थान एवं रिजर्व या डिफेक्ट ईवीएम के रखरखाव की स्थिति, डिस्पैच, रिसीविंग, काउंटिंग, व व्रजगृह की तैयारी की स्थिति, मतदान केन्द्रों के संवेदनशीलता तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की स्थिति, पीडब्ल्यूडी व 80 प्लस के मतदाताओं के लिए मतदान दिवस के दिन दी जाने वाली सुविधा, जिले में पोस्टल वैलेट के जरिए मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या एवं अन्य का जायजा लिया गया।

# क्रूरतापूर्वक मवेशी से भरा पिकअप वैन जप्त,दो गिरफ्तार



**चौपारण**.चोरदाहा चेक पोस्ट पर वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने बुधवार को एक पिकअ बीवीप वैन को जप्त किया है.जप्त वाहन संख्या जेएच01 डीडी 0406 पर क्रूरतापूर्वक 6 मवेशी से लदा हुआ था.पुलिस ने मौके मवेशी तस्कर संतोष यादव पिता सिद्धनाथ यादव तिपुदाना रांची एवं शिव दुलार यादव पिता यमुना यादव गोला बक्सर बिहार वर्तमान सुखदेव नगर रांची को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया जप्त वाहन पर चार भैंस एक गाय एवं एक भैंसे का बच्चा लदा हुआ है.गाड़ी में लदे मवेशियों को बैठने तक की भी जगह नही है.




# थाना प्रभारी ने मुखिया व पंसस के साथ की क्राइम बैठक




**सवांददाता, हजारीबाग**

चौपारण थाना में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रखंड के प्रमुख, उपप्रमुख, जिला पार्षद, 26 मुखिया, 30 पंचायत समिति सदस्यों के साथ क्राइम संबंधी बैठक किये। थाना प्रभारी से सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियो से कहा कि आपकी सहयोग मात्र से ही हर प्रकार की अनैतिक, अवैध, क्राइम सहित अन्य कार्यो पर विराम लग सकता है। जिसमे आप सभी मुखिया, पंसस सहित जनप्रतिनिधियो के द्वारा गोपनीय तरीके से सटीक जानकारी मिलने से हो सकता है। जनप्रतिनिधियो ने अपने अपने क्षेत्रों में हो रहे क्राइम और अवैध कारोबार के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। जिसमे बसरिया मुखिया मंजू देवी ने सरकार द्वारा भगहर पंचायत के नाम का सरकारी शराब दुकान बसरिया पंचायत के कठम्बा में खोले जाने से बसरिया पंचायत 14 से 25 वर्ष के युवक पढ़ाई लिखाई बंद कर शराबी बनते जा रहे है। जिससे क्राइम का ग्राफ तेज गति से बढ़ता जा रहा है। वहीं ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत एवं पूर्व पंसस सह प्रतिनिधि अनिल उर्फ टुन्नू वर्णवाल ने कहा कि ब्लॉक मोड़ में चरस, हीरोइन व घातक मादक पदार्थ का सेवन करने वाले युवकों की संख्या आंधी-तूफान की तरह बढ़ता जा रहा है। जिसे समूल उखाड़ फेंकने की जरूरत है। वहीं बच्छई मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने बैंक के आसपास कई होटल, गुमटी में शराब का खुलेआम बिक्री और सिंघरावां मोड़ से लराही रोड में शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे 15-20 गांव के राहगीरों में भय का माहौल रहता है। वहीं चौपारण मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया बिनोद सिंह, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, यवनपुर मुखिया जानकी यादव, गोबिंदपुर मुखिया प्रतिनिधि दशरथ गोप, पाण्डेयबारा मुखिया रेखा देवी ने कहा कि सरकारी शराब दुकान गांव का तालाब के बगल में खुलने से गरीब महिलाओ को कपड़ा धोने व नहाने में असुविधा होती है। वही बेला मुखिया ममता कुमारी ने कहा कि चरस सहित मादक पदार्थो का सेवन एक गंभीर मामला बनता जा रहा है। इसपर विराम लगाने की जरूरत है और हर सम्भव मदद करेंगे। मौके पर मुखिया सुनीता देवी, रणवीर भगत, परमेश्वर साव, पूर्व मुखिया मोहन साव, पंसस सहदेव यादव सहित कई जनप्रतिनिधियो ने अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए शुभकामनाओं के साथ मदद करने का आश्वासन दिया।

## बरवाडीह में शत् प्रतिशत मतदान के लिए बनाया गया मानव श्रृंखला




सवांदाता, लातेहार

**बरवाडीह:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरीमा सिंह के निर्देशानुसार आसन्न लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज के नेतृत्व में मानव श्रृंखला बनाई गई। जहां बरवाडीह बस स्टैंड स्थित बाबा भीमराव अम्बेडकर चौक स्थित राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय से लेकर थाना गेट मुख्य सड़क तक मानव श्रृंखला बनाई गई। इसमें बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, सब इंस्पेक्टर राधेश्याम कुमार, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि,विधालय के शिक्षक, शिक्षिका, प्रधानाध्यापक छात्र छात्राए, प्रखंड क्षेत्र के जलसहिया, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, आवास मित्र,जन वितरण प्रणाली दुकानदार,अंचल ब्लांक के अन्य कर्मी शामिल हुए। मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा में मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। विवेकानंद चौक से लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई। मानव श्रृंखला और डेमोक्रेसी रैली में शामिल सभी लोगो ने अपील किया कि काली श्याहि लगाना है।ईवीएम का बटन दबाना है।

## सरईडीह में मदरसे की संगे बुनीयाद



सवांदाता, लातेहार

**बरवाडीह** : लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुस्लिम बहुल क्षेत्र सरईडीह में मदरसा फैजाने सैयदना गरीब नवाज़ खानकाहे कादरीया दाउदनगर के सहाबे सज्जादा सैय्यद वलीउल्लाह अहमद ज़या कादरी के दस्ते मुबारक से मदरसे की संगे बुनीयाद अमल में आया.जिसमें सदर आफताब आलम क़ादरी, सेक्रेटरी ऐनुल हक कादरी, खजांची इशराफिल अंसारी,खतीबो इमाम अब्दुल हनान जौहर,हाजी सकुर साहब किबला, झारखंड आंदोलनकारी केन्द्रीय सचिव सह राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अलीहसन अंसारी,समीउल्लाह कादरी पोखरी कलां व दिगर मैमबरान व अवाम मौजूद थीं। उपस्थित इस्लाम धर्म के लोगों ने मदरसे की संगे बुनीयाद में चंदे की सकल में कमिटी के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें छरी,बालू, ईट,नगद रूपए देकर अपनी खुशी का इज़हार किया। आपकों बताते चलें कि सरईडीह में मदरसे पहले से नहीं था जिससे पढ़ाई में काफी दिक्कत होती थी। लेकिन अब मदरसे में निमार्ण कार्य पूर्ण होने पर बच्चों को पढाई में सहुलियत होगी।




## बरवाडीह के बहेरा टांड़ में इंडी गठबंधन के नेताओं के साथ माले ने की बैठक



सवांदाता, लातेहार

**बरवाडीह (लातेहार)** : बरवाडीह। बुधवार को बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बहेरा टांड़ में माले प्रखंड सचिव कॉम कमलेश सिंह के अध्यक्षता में माले प्रखंड कमिटी सहित अन्य माले के साथियों का बैठक बहेराटांड में लोक सभा चुनाव को लेकर किया गया। इस बैठक में माले जिला सचिव कॉम बिरजू राम और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के भाई नकुल त्रिपाठी और कांग्रेस नेता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार राजू मुख्य रूप से शामिल हुए। माले जिला सचिव कॉम बिरजू राम ने कहां की इस बार लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई हैं और इस लड़ाई में भाजपा मतलब झूठ और लूट के पार्टी मोदी को धूल चाटना हैं। माले पूरे देश में इंडिया गठबंधन के साथ हैं और झारखंड में भी गठबंधन 14 लोक सभा सीट पर अपना जीत दर्ज करेगा। 21 अप्रैल को रांची के धरती पर इंडिया गठबंधन उलगुलान न्याय महारैली के माध्यम से लाखों लाख की भीड़ अपनी उपस्थिति दर्ज कर बता दिया की अब झारखंड की जनता इस बार मोदी को धूल चटा कर ही दम लेगी। इस लिये भाकपा माले लातेहार जिला का एक -एक कैडर इंडियां गठबंधन के लिए तन मन और धन के साथ काम करेंगे और गठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को हाथ छाप पर बटन दबाकर चतरा लोक सभा से विजय बनाएंगे।



# बिहार के पूर्व CM लालू यादव ने अपनी बेटी का नाम मीसा क्यों रखा? BJP अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सुनाया पूरा किस्सा



**भागलपुर:** बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव ने अपनी बेटी का नाम मीसा भारती क्यों रखा? बिहार के भागलपुर में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रैली को संबोधित करते हुए इस बारे में बताया। नड्डा ने लालू पर निशाना साधते हुए कहा, 'ये कांग्रेस के खिलाफ लड़ाई लड़ते थे और कांग्रेस ने इनको जेपी आंदोलन में जेल में डाला हुआ था। उसी दौरान मीसा पैदा हुई थीं, इसलिए लड़की का नाम मीसा रखा गया।'

## क्या है मीसा का मतलब?

नड्डा ने कहा, ' मीसा का मतलब था मेंटिनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी। लेकिन आज कांग्रेस के साथ गांधी मैदान में राहुल गांधी के साथ बैठकर गपशप मार रहे हो और घर में मटन बनाना सिखा रहे हो। गंगा में बहुत पानी बह गया, ये कौन-कौन दोस्त हो गए? कैसी-कैसी दोस्ती हो गई?'नड्डा ने कहा, 'जो लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे थे, वही भ्रष्टाचारी हो गए और भ्रष्टाचार में डूब गए और भ्रष्टाचारियों के साथ दोस्ती कर ली।' क्या ऐसे लोगों को सत्ता में आने देना है? ये समय की आवाज है। बिहार के विकास की आवाज है। 26 तारीख को तीर पर बटन दबाकर अजय मंडल को दिल्ली भेजना है और पीएम मोदी को फिर पीएम बनाना है।

# मतदान से एक दिन पहले धरने पर बैठ गए पप्पू यादव, कहा- पावर का दुरुपयोग कर रही बिहार पुलिस



कटिहार डीएसपी अभिजीत सिंह के मुताबिक पप्पू यादव बिना अनुमति के चुनाव क्षेत्र में गाड़ियों से भ्रमण कर रहे थे। इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई मामले में उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।पूर्णिया में लोकसभा चुनाव की मतदान से एक दिन पहले सियासी हंगामा मच गया है। निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव को पुलिस ने उनकी गाड़ी से उतार दिया। साथ ही उनकी चार गाड़ियों को जब्त कर लिया गया। वहीं, पुलिस एवं प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ बीच सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि बिहार पुलिस अपने पावर का दुरुपयोग कर रही है। यह मामला कोढ़ा क्षेत्र का है। कटिहार डीएसपी अभिजीत सिंह के मुताबिक पप्पू यादव बिना अनुमति के चुनाव क्षेत्र में गाड़ियों से भ्रमण कर रहे थे। इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई मामले में उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

## प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी

कटिहार डीएसपी अभिजीत सिंह ने बताया कि पूर्णिया डीएम सह जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार पप्पू यादव को 25 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण की अनुमति नहीं दी गई थी। इसके बावजूद वे क्षेत्र में घूमते पाए गए। साथ ही पप्पू यादव जिस गाढ़ी से कोढ़ा में घूमते पाए गए, उन्हें चलाने की अनुमति भी नहीं दी गई थी। पप्पू यादव प्रशासन की अनुमति के बिना अपने समर्थकों के साथ चार गाड़ियों से भ्रमण करते पाए गए, जो कि नियमों के विरुद्ध है। उनके खिलाफ कोढ़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल उनकी गाड़ियों को जब्त किया गया है।

# शादी में जूते को लेकर भड़क गया दूल्हा, दुल्हन के भाई को बुरी तरह पीटा, फोड़ दिया सिर



**सवांददाता, पटना**

बिहार के गया जिले में शादी समारोह में उस समय हंगामा हो गया जब दुल्हे ने दुल्हन के भाई की जमकर पिटाई कर दी और उसका सिर फट गया। बताया जा रहा है कि गया शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र के टिल्हा धर्मशाला में बुधवार की देर रात शादी समारोह चल रहा था। अरवल जिले के संतोष कुमार अपनी बहन की शादी करने गया आया था। शादी समारोह चल ही रहा था कि एक छोटी सी बात पर अचानक दुल्हा भड़क गया।

## जूते की साइज बड़ा होने पर भड़क दूल्हा

बताया जा रहा है कि दुल्हन के बड़े भाई ने जब मंडप पर दूल्हे को जूता दिया तो जूते का साइज था। जूते का साइज बड़ा होने के कारण दूल्हा नाराज हो गया। इस पर दुल्हन के बड़े भाई और अन्य परिजनों ने कहा कि अगली बार में जूता लेकर नया दे देंगे। आरोप है कि इतना बोलते ही दूल्हा और लड़के वालों ने गाली-गलौज की और दुल्हन के भाई की जमकर पिटाई कर दी। दुल्हन के भाई का सिर फट गया और वह जख्मी हो गया।

## समझौता होने के बाद हुई शादी

मारपीट की घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। घायल दुल्हन के भाई को तत्काल शहर के जय प्रकाश नारायण अस्पताल में भेजा गया। जहां उसक इलाज चल रहा है। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्ष ने समझौता किया जिसके बाद शादी की रस्में पूरी की गई और शादी समारोह संपन्न हुआ।

## शादी में मारपीट की चर्चा इलाके में जोरों पर

# ‘द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम’ से जुड़ीं श्रीलीला, दलपति विजय की फिल्म में लटके-झटकों से जीतेंगी दिल?



## द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम


तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी आगामी फिल्म ‘GOAT’ यानी ‘द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम’ को लेकर बीते लंबे समय से सुर्खियों में हैं। वहीं, अब इससे श्रीलीला के जुड़ने की खबरें सामने आ रही हैं।

## ‘GOAT’ से जुड़ीं श्रीलीला

वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में हैं। हालिया विकास ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि श्रीलीला कलाकारों में शामिल हो सकती हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला को इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है।


ALL NEW DOMINO'S. NOW MORE AFFORDABLE.
REVISED GST
18% > 5%
ORDER MORE. CELEBRATE MORE.
SOFT CRUST
TASTIER SAUCE
MORE CHEESE
MORE TOPPINGS
AAPNE KAHA, HUMNE KIYA.
Domino's Pizza


Dollar
Bigboss
PREMIUM INNERWEAR
Fit Hai Boss


ANITA
Sarees
SAREES
LEHENGA
KURTIS
SALWAR SUITS
SUIT PIECES
DULHAN CHUNNI
Rangrej Gali (Dinbandhu Lane),
Upper Bazar, Ranchi-1


MOST TRUSTED BRANDS OF INDIA
2024 - 2025
NO SCARS
NO SCARS
NOURISHMENT OF
NEEM & ALOE VERA
NO SCARS


T SHIRT
299
149
TOP
399
299
DRESS
799
499
599
299
SHIRT
799
499
T SHIRT
299
149
zudio
SALE


SALE!
ABHI IT
SERVICES
50%
OFF
DIGITAL
MARKETING
EXPERT
न्यूज़ पोर्टल या किसी भी
तरह की वेबसाइट बनाने के
लिए संपर्क करें
TODAY
ONLY
@22,999
CONTACT US
8292706529
abhishekgahlot99999@.com

# RCB vs SRH : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2 विकेट गिरे, विल जैक्स लौटे पवेलियन




आईपीएल 2024 के 41वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें आमने-सामने हैं। ये मैच हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस सीजन में इन दोनों टीमों के बीच ये दूसरी भिड़ंत है। इससे पहले खेले गए मैच में आरसीबी की टीम को 25 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए आरसीबी को ये मैच हर हाल में जीतना होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया।

## आरसीबी की आधी पारी हुई समाप्त

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने *10* ओवर के बाद *2* विकेट के नुकसान पर *94* रन बना लिए हैं। दोनों बल्लेबाज *29* रनों की साझेदारी बनाकर खेल रहे हैं।

## आरसीबी की टीम की पारी 8 ओवर हुए पूरे




# T20 World Cup 2024 के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड पर बड़ा अपडेट, इन खिलाड़ियों के बीच छिड़ी जंग



टी*20* वर्ल्ड कप *2024* की शुरुआत *1* जून से वेस्टइंडीज और अमेरीका में होने जा रही है। इस टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने सभी टीमों को *1* मई तक अपनी टीमों का ऐलान करने के लिए कहा है। ऐसे में भारत की *15* सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल मैच के लिए दिल्ली भी पहुंच गए हैं। माना जा रहा है कि रोहित शर्मा यहां चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं।

## टीम सेलेक्शन के लिए बढ़ी सेलेक्टर्स की टेंशन

बीसीसीआई सेलेक्टर्स के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है। पांड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं, लेकिन वह अपनी छाप नहीं छोड़ सके हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सके हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। दूसरी ओर शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। हालांकि दुबे बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती ।

## कौन होगा ऋषभ पंत का बैकअप?

आईपीएल 2024 में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं। केएल राहुल ने इस सीजन में 141 की स्ट्राइक रेट से 302 रन और संजू सैमसन ने 152 की स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए हैं।

